आयुष मार्केट में 11 दुकानों के लिए 13 से 15 जुलाई तक होगा ई-ऑक्शन

हाउसिंग बोर्ड करेगा 200 करोड़ रुपए की सम्पत्तियों का ई-ऑक्शन

कुल 78 व्यावसायिक सम्पत्तियां होगी नीलाम

जयपुर (समाचार जगत न्यूज)। राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से आगामी जुलाई महीने में लगभग 200 करोड़ रुपये की व्यावसायिक सम्पत्तियों को ई-ऑक्शन के माध्यम से बेचेगा। उल्लेखनीय है कि मण्डल द्वारा प्रताप नगर और मानसरोवर योजना में कुल 78 सम्पत्तियों का ई-ऑक्शन किया जायेगा। इनमें 55 व्यावसायिक और 23 आवासीय सम्पत्तियां शामिल है।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि प्रताप नगर योजना स्थित बनने वाले आयुष मार्केट (दवा मार्केट) में 11 भूखण्डों के लिये ई-ऑक्शन 13 से 15 जुलाई तक आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इन भूखण्डों का न्यूनतम बोली मूल्य 65 हजार 500 रुपये से लेकर 68 हजार 800 रुपये प्रति वर्ग मीटर रखा गया है। इनमें से एक दुकान पैथोलॉजी लैब के लिये आरक्षित रखी गयी है। मण्डल की प्रतिष्ठित मानसरोवर योजना में विकसित आरएचबी अतिश मार्केट में 12 शोरूम भूखण्डों का ई-ऑक्शन 22 से 24 जुलाई को आयोजित किया जायेगा। इन भूखण्डों का न्यूनतम बोली मूल्य 80 हजार रुपये से लेकर 81 हजार 400 रुपये रखा गया है।

राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा जयपुर की प्रतिष्ठित प्रताप नगर योजना स्थित 12 आवासीय भूखण्डों और 1 स्वतंत्र आवास, मानसरोवर योजना स्थित उच्च आय वर्ग के 3 आवासीय भूखण्डों और अजमेर स्थित पंचशील योजना में 2 आवासीय भूखण्डों शेष पृष्ठ 7 पर

आवासन मण्डल खाली कराएगा मानसरोवर का उप पंजीयक कार्यालय

जयपुर (समाचार जगत न्यूज)। राजस्थान आवासन मण्डल मानसरोवर स्थित मुद्रांक एवं पंजीयन विभाग के उप पंजीयक कार्यालय (प्रथम) को खाली कराएगा। इस सम्बंध में जिला कलक्टर, जयपुर और महानिरीक्षक, पंजीयक एवं मुद्रांक विभाग को पत्र लिखा जा चुका है। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई, 2020 तक इस भवन को खाली करा लिया जाएगा।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से मुद्रांक एवं पंजीयन विभाग का उप पंजीयक (प्रथम) कार्यालय मानसरोवर के मध्यम मार्ग स्थित बड़ी मार्केट में चल रहा है। मंडल द्वारा नियमों एवं शर्तों के अधीन वर्ष 2005 में भवन के एक भाग को किराए पर उपलब्ध कराया गया था। लेकिन यह क्षेत्र अत्यंत भीड़ भरा हो गया है, साथ ही यहां पार्किंग की पर्याप्त सुविधा नहीं होने से यहां कार्यालय शेष पृष्ठ 7 पर